NCR समाचार
खबर भी,असर भी

उत्तर प्रदेश: नकली सीमेंट होने के शक में एक पकड़ा गया ट्रक

उत्तर प्रदेश: जे के सुपर सीमेंट कंपनी के जिला इंचार्ज ने नकली सीमेंट और जिला डिस्टीब्यूटर से नही खरीदने की शिकायत पर सीमेंट उतरते हुए ट्रॅक को पकड़ कर थाने में खड़ा करा दिया। ग्राम भोजपुर में मुस्तकिम सीमेंट के विक्रेता की दुकान पर ट्रॅक से सीमेंट उतर रहा था।

उत्तर प्रदेश: जे के सुपर सीमेंट कंपनी के जिला इंचार्ज ने नकली सीमेंट और जिला डिस्टीब्यूटर से नही खरीदने की शिकायत पर सीमेंट उतरते हुए ट्रॅक को पकड़ कर थाने में खड़ा करा दिया। ग्राम भोजपुर में मुस्तकिम सीमेंट के विक्रेता की दुकान पर ट्रॅक से सीमेंट उतर रहा था।

उसी समय जे के सुपर सीमेंट कंपनी के जिला बिजनौर के सेल इंचार्ज अभिनव कुमार ने ट्रॅक से उतर रहे सीमेंट के बिल की जांच की। अभिनव कुमार ने बताया कि ट्रैक चालक ने बताया कि वह उक्त सीमेंट गाजियाबाद से लाया हैं। और उसने इसमें से 300 कट्टे सीमेंट किरतपुर में एक दुकान पर उतारे हैं।

और 200 कट्टे भोजपुर में दुकान पर उतारे हैं। ट्रॅक चालक के पास सीमेंट का कोई बिल नही मिला। कोईउन्होंने बताया कि सीमेंट बिजनौर के डिस्टीब्यूटर से खरीद कर ही बेचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि सीमेंट नकली तो नही और बिजनौर की किसी डिस्टीब्यूटर से खरीदा गया या नहीं। इसकी जांच के बाद ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

Source: https://ncrsamacharlive.in/latest/a-truck-caught-on-suspicion-of-having-fake-cement#google_vignette